1474

**A**

# Paper Code : 01

**Sr. No. ..........................**

# HINDI [Paper-II]

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________
   (Name) ____________________
2. (Signature) ____________________
   (Name) ____________________

**OMR Sheet No. : ..................................................**

(To be filled by the candidate)

Roll No. | | | | | | | | | |

(In Figures as per admission card)

Roll No. ____________________

(In words)

**Time : 1¼ Hours]** **[Maximum Marks : 100**

**Number of Pages in this Booklet : 8** **Number of Questions in this Booklet : 50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question bokelt will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Fault booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.
   (ii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   Example : (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. Students can take home carbon copy of this OMR answer sheet.
11. Use only Blue/Black Ball point pen.
12. Use of any calculator or log table etc., is prohibited.
13. There is no negative marks for incorrect answers.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपको प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।
   (ii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर पत्रक विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   उदाहरण : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. परीक्षा समाप्ति पर परीक्षार्थी OMR उत्तर-पत्रक की कार्बन कापी अपने साथ ले जा सकते हैं।
11. केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें।
12. किसी भी प्रकार का संगणक (केलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।
13. गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे।

**Paper Code : [ 01 ]**

**Paper-II [HINDI]**

**Note :** • **This paper contains Fifty (50) multiple choice questions, each question carrying two (2) marks.**

**नोट :** • **इस प्रश्नपत्र में पचास (50) बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के दो (2) अंक हैं।**

**1.** ब्रज भाषा का पहला व्याकरण किसने लिखा था :

(A) बैंनजामिन शूल्य (B) कामता प्रसाद गुरु

(C) मिर्जा खाँ (D) किशोरी दास वाजपेयी

**2.** हिन्दी का पहला कोश किसने बनाया :

(A) नन्ददास (B) मिर्जा खाँ

(C) गिलक्राइस्ट (D) हरिराज

**3.** भारत में भाषाओं का प्रथम आधिकारिक सर्वेक्षण किसने किया :

(A) गिल क्राइस्ट (B) जार्ज ए. ग्रियर्सन

(C) विलियम कैरे (D) अमीर खुसरो

**4.** आधुनिक हिन्दी का आदिकाल किसकी पुस्तक है :

(A) ब्रजरत्न दास (B) रामविलास शर्मा

(C) श्रीनारायण चतुर्वेदी (D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

**5.** निम्नांकित में से किस पुस्तक के लेखक प्रेमचंद हैं :

(A) भारतेन्दु मंडल (B) निराला और नवजागरण

(C) आधुनिक साहित्य (D) साहित्य का उद्देश्य

**6.** फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना कब हुई थी :

(A) 1800 (B) 1799

(C) 1805 (D) 1810

**7.** अमीर खुसरो का काल क्या है :

(A) 1133-1255 (B) 1253-1325

(C) 1240-1340 (D) 1255-1355

**8.** रहीम का जन्म कब हुआ :

(A) 1556 (B) 1499

(C) 1365 (D) 1568

**9.** निम्नांकित में से एक कवि रीति सिद्ध है :

(A) केशवदास (B) पद्माकर

(C) घनानन्द (D) बिहारी

10. स्वामी दयानन्द का सत्यार्थ प्रकाश कब प्रकाशित हुआ था :

(A) 1799
(B) 1850
(C) 1875
(D) 1857

11. निम्नांकित में से असत्य कथन का चयन कीजिए :

(A) आचार्य नन्ददुलारे वाजपेयी के निबन्धों में उनके व्यक्तित्व की छाप का गहरा अभाव है
(B) विद्यानिवास मिश्र ललित निबन्धकार है
(C) अशोक के फूल के निबंधकार कुबेरनाथ राय हैं
(D) भेड़ और भेड़िये हरिशंकर परसाई की रचना है

12. प्रयोगवाद के संदर्भ में निम्नांकित में से कौन-सा कथन असत्य है :

(A) अति बौद्धिकता
(B) दमित कुत्सित काम भावनाओं की अभिव्यक्ति
(C) अदम्य जिजीविषा की व्यंजना
(D) इनमें से कोई नहीं

13. निम्नांकित में से कौन-सी रचना अज्ञेय की नहीं है :

(A) इत्यलमं
(B) हरीघास पर क्षण भर
(C) सीढ़ियों पर धूप
(D) बावरा अहेरी

14. निम्नांकित में से असत्य कथन का चयन कीजिए :

राजस्थानी की बोलियाँ हैं :

(A) मारवाड़ी
(B) मेवाड़ी
(C) बुंदेलखंडी
(D) मेवाती

15. निम्नांकित में से गलत युग्म का चयन कीजिए :

(A) धर्मवीर भारती-अंधायुग
(B) चाँद का मुँह टेढ़ा है-मुक्तिबोध
(C) भारत भारती-हरिऔध
(D) गीत फरोश-भवानी प्रसाद मिश्र

16. विखण्डन (डी-कान्स्ट्रक्शन) के सम्बन्ध में असत्य कथन का चयन कीजिए :

(A) फ्रांस के आलोचक दरिदा इसके प्रवर्तक हैं।
(B) उत्तर-संरचनावाद का सशक्त आन्दोलन है।
(C) भारत में इसकी अनुगूंज नहीं सुनाई देती है।
(D) दरिदा भाषा में उच्चारण से लेखन को अधिक महत्त्व देते हैं।

17. व्यंजना शब्द शक्ति के सम्बन्ध में असत्य कथन का चयन कीजिए :

(A) जब अभिधा और लक्षणा अपने अर्थ का बोध करवाकर विरत हो जाती है, वहाँ व्यंजना होती है।
(B) व्यंग्यार्थ कथित या लक्षित न होने पर भी सहृदय जनों द्वारा समझ लिया जाता है।
(C) व्यंजना शब्द शक्ति शब्द और अर्थ पर आधारित नहीं होती।
(D) व्यंजना शक्ति के दो प्रमुख भेद हैं-शाब्दी और आर्थी।

18. निम्नांकित में से कौन-सा कथन असत्य है :

(A) हृदय की मुक्तावस्था रस दशा कहलाती है।

(B) भक्तिकाव्य लोक जागरण का काव्य है।

(C) द्विवेदीकाल व्याकरण का समर्थक है, गंभीर साहित्य का नहीं

(D) भक्तिकाल चारण युगीन प्रवृत्तियों का संप्रसारण है।

19. मैनेजर पांडेय की निम्नांकित में से उस कृति का चयन जो उनकी नहीं है :

(A) समकालीन साहित्य

(B) साहित्य के समाजशास्त्र की भूमिका

(C) साहित्य और इतिहास दृष्टि

(D) भक्ति आन्दोलन और सूरदास का काव्य

20. निम्नांकित में से हिन्दी की प्रथम महिला कहानीकार के सही नाम का चयन कीजिए :

(A) बंग महिला

(B) महादेवी वर्मा

(C) सुभद्राकुमारी

(D) मन्नू भंडारी

21. स्थापना : (i) खड़ी बोली हिन्दी उर्दू और हिन्दुस्तानी का मूल आधार है।

तर्क : (ii) संस्कृत तत्सम बहुल भाषा हिन्दी तथा अरबी फारसी युक्त भाषा उर्दू कही जाती है।

(A) (i) सही (ii) गलत

(B) (i) गलत (ii) दोनों गलत हैं

(C) (i) सही तथा (ii) दोनों सही हैं

(D) (i) गलत तथा (ii) सही

22. स्थापना : (i) हिन्दी को लोक भाषाओं ने समृद्ध किया है।

तर्क : (ii) लोक भाषाएँ अपना अलग रूप विकसित कर रही हैं।

(A) (i) सही तथा (ii) सही है।

(B) (i) सही तथा (ii) गलत है।

(C) (i) गलत तथा (ii) गलत है।

(D) (i) गलत तथा (ii) सही है।

23. स्थापना : (i) हिन्दी सम्पूर्ण भारत की राजभाषा स्वीकार की गई है।

तर्क : (ii) प्रान्तीय भाषाएँ प्रान्तों की राजभाषाएँ हैं।

(A) (i) सही है (ii) गलत है

(B) (i) गलत है (ii) गलत है

(C) (i) गलत है (ii) सही है

(D) (i) सही है (ii) सही है

24. स्थापना : (i) गढ़वाली पर संस्कृत का प्रभाव सुस्पष्ट है।

तर्क : (ii) स्वीकार किया जाता है कि कुमाऊँनी पर मराठी का प्रभाव है।

(A) (i) सही है (ii) गलत है

(B) (i) गलत है (ii) गलत है

(C) (i) सही है (ii) सही है

(D) (i) गलत है (ii) सही है

25. स्थापना : (i) छायावाद के वैशिष्ट्य को सूक्ष्म का स्थूल के प्रति विद्रोह कहा गया है।

तर्क : (ii) प्रगतिवाद आमूलचूल विद्रोह का समर्थक है।

(A) (i) गलत है (ii) गलत है।
(B) (i) सही है (ii) सही है।
(C) (i) सही है (ii) गलत है।
(D) (i) गलत है (ii) सही है।

26. स्थापना : (i) कबीरदास आडम्बर धर्मी आध्यात्मिक नहीं है।

तर्क : (ii) मध्यकाल के सर्वाधिक स्वीकृत कवि कबीर ही है।

(A) (i) सही है (ii) सही है
(B) (i) गलत है (ii) गलत है
(C) (i) गलत है तथा (ii) सही है
(D) (i) सही है तथा (ii) गलत है

27. स्थापना : (i) कतिपय विद्वान दखिनी को हिन्दी के जन्म से जोड़ते हैं।

तर्क : (ii) दखिनी का प्रभाव उर्दू पर इससे भी अधिक है।

(A) (i) गलत है (ii) गलत है
(B) (i) सही है (ii) गलत है
(C) (i) सही है (ii) सही है
(D) (i) गलत है (ii) सही है

28. स्थापना : (i) समकालीन कविता पाठकों से इसलिए दूर हो रही है कि वह छन्द से दूर जा पड़ी है।

तर्क : (ii) छन्दोबद्ध कविता नया कुछ कहने में असमर्थ है।

(A) (i) गलत है (ii) गलत है
(B) (i) सही है (ii) गलत है
(C) (i) गलत है (ii) सही है
(D) (i) सही है (ii) सही है

29. स्थापना : (i) आधुनिक हिन्दी भाषा पश्चिम से प्रभावित है।

तर्क : (ii) हिन्दी भाषा इस अर्थ में शुद्धत: भारतीय है क्योंकि उसका विन्यास स्वदेशी है।

(A) (i) सही है (ii) सही है
(B) (i) गलत है (ii) गलत है
(C) (i) गलत है (ii) सही है
(D) (i) सही है तथा (ii) गलत है

30. स्थापना : (i) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र कृत "कुछ आप बीती कुछ जगबीती" का विन्यास औपन्यासिक है।

तर्क : (ii) यह भी माना जाता है कि भारतेन्दु इस की रचना से आत्मकथालेखन का आरम्भ होता है।

(A) (i) सही है (ii) गलत है
(B) (i) गलत है (ii) गलत है
(C) (i) सही है (ii) सही है
(D) (i) गलत है (ii) सही है

31. निम्नलिखित रचनाओं में कालक्रमानुसार प्रथम कौन है?

(A) रामचन्द्रिका
(B) परीक्षा गुरु
(C) बोल्गा से गंगा
(D) आंगन के पार द्वार

32. निम्नलिखित रचनाकारों से कालक्रमानुसार प्रथम कौन हैं?

(A) नरपति नाल्ह
(B) मलिक मुहम्मद जायसी
(C) बालमुकुन्द गुप्त
(D) विनोद शंकर व्यास

33. निम्नलिखित कहानियों में कालक्रमानुसार प्रथम कौन हैं?

(A) बड़े घर की बेटी
(B) गदल
(C) एक जिन्दगी और
(D) नौ साल छोटी पत्नी

34. निम्नलिखित पत्रिकाओं में कालक्रम से प्रथम निर्धारित कीजिए :

(A) नयी कविता
(B) नया पथ
(C) आलोचना
(D) कल्पना

35. निम्नलिखित उपन्यासों में कालक्रमानुसार प्रथम निर्धारित करें :

(A) मैला आँचल
(B) आधा गाँव
(C) गबन
(D) चित कोबरा

36. निम्नलिखित निबन्धकारों में कालक्रमानुसार प्रथम निर्धारित कीजिए :

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) गुलाब राय
(C) रामचन्द्र शुक्ल
(D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

37. निम्नलिखित नाटककारों में प्रथम किसे कहेंगे?

(A) लक्ष्मीनारायण लाल
(B) उपेन्द्रनाथ अश्क
(C) रामकुमार वर्मा
(D) शंकर शेष

38. निम्नलिखित लेखिकाओं में प्रथम किसे कहेंगे?

(A) मन्नू भंडारी
(B) महादेवी वर्मा
(C) ममता कालिया
(D) कात्यायनी

39. निम्नलिखित व्यंग्यकारों में प्रथम कौन है?

(A) हरिशंकर परसाई
(B) शरद जोशी
(C) श्रीलाल शुक्ल
(D) गोपाल चतुर्वेदी

40. निम्नलिखित काव्य धाराओं में सर्वप्रथम किसे कहेंगे :

(A) रामकाव्य धारा
(B) छायावाद
(C) प्रगतिवाद
(D) प्रयोगवाद

**41.** निम्नलिखित कृतियों में प्रथम कौन है?

(A) कनुप्रिया
(B) कविप्रिया
(C) जिन्दगीनामा
(D) हरदत्त का जिन्दगीनामा

**42.** निम्नलिखित उपन्यासों में प्रथम उपन्यास कौनसा है?

(A) तमस
(B) महाभोज
(C) रागदरबारी
(D) अमृत और विष

**43.** निम्नलिखित रचनाकारों में प्रथम कौन है?

(A) मतिराम
(B) रसखान
(C) अज्ञेय
(D) मुकुटधर पाण्डेय

**44.** निम्नलिखित ग्रन्थों में प्रथम कौन है?

(A) कीर्ति पताका
(B) कवितावली
(C) गोरा
(D) आखिरी चट्टान तक

**45.** प्रस्तुत सूची में से प्रथम निर्धारित कीजिए :

(A) चाँद का मुँह टेढ़ा है
(B) आंगन के पार द्वार
(C) उत्तरा
(D) बुनी हुई रस्सी

**46.** पत्रिकाओं में प्रथम निर्धारित कीजिए :

(A) उदत्त मार्तण्ड
(B) बनारस अखबार
(C) सरस्वती
(D) कवि वचन सुधा

**47.** निम्नांकित सम्प्रदायों में प्राचीनतम निर्धारित करें :

(A) रस सम्प्रदाय
(B) ध्वनि सम्प्रदाय
(C) वक्रोक्ति सम्प्रदाय
(D) औचित्य समुदाय

**48.** निम्नांकित लेखकों में वरिष्ठ निर्धारित कीजिए :

(A) बच्चन सिंह
(B) मैनेजर पाण्डेय
(C) निर्मला जैन
(D) गंगा प्रसाद विमल

**49.** निम्नलिखित ग्रन्थों में प्रथम निर्धारित करें :

(A) भारत की खोज
(B) गुनाहों के देवता
(C) सत्यार्थ प्रकाश
(D) सेवा सदन

**50.** निम्नलिखित लेखकों में वरिष्ठ निर्धारित कीजिए :

(A) मोहन राकेश
(B) लक्ष्मीकांत वर्मा
(C) रुद्र काशिकेय
(D) शिवपूजन सहाय